POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 15.11.2026

हत्या के अभियोग से सम्बन्धित 01 वांछित बाल अपचारी थाना झूंसी पुलिस द्वारा संरक्षण में लिया गया

थाना झूंसी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0- 384/2026 धारा 61(2)/103(1)/3(5) बी0एन0एस0 व बढोत्तरी धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश में आये 01 वांछित बाल अपचारी को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 15.11.2026 को छतनाग मोड के पास थाना क्षेत्र झूंसी से पुलिस संरक्षण में लिया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.10.2026 को थाना झूंसी अंतर्गत एक नाले में शव मिलने की सूचना पर उच्चाधिकारीगण व स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतक की पहचान शांतनु दुबे निवासी झूंसी कोहना थाना झूंसी जनपद प्रयागराज के रूप में हुई थी। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर थाना झूंसी में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर कारागार में निरुद्ध कराया जा चुका है।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 384/2026 धारा 61(2)/103(1)/3(5) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।

संरक्षण में लेने वाली पुलिस टीम-

1. नि0 नरेश कुमार कश्यप थाना प्रभारी झूंसी, कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 सचिन तवंर चौकी प्रभारी छतनाग, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. हे0का0 अमित मिश्रा, थाना झूंसी कमिश्नरेट प्रयागराज।